# प्रेस नोट जनपद प्रतापगढ़ दिनांक 29.01.2023

## हत्या के प्रकरण का सफल अनावरण/ प्रकाश में आये 02 अभियुक्त गिरफ्तार (थाना-जेठवारा)

दिनांक 21/22.01.2023 को थानाक्षेत्र जेठवारा के ग्राम ऐषका उसर के पास एक युवक की हत्या होने के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना जेठवारा में मु0अ0सं0 11/2023 धारा 302 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था।

उक्त अभियोग के विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल द्वारा टीमें गठित कर संबंधित को कड़े निर्देश दिये गये थे। इसी क्रम में कल दिनांक 28.01.2023 को प्रभारी निरीक्षक थाना जेठवारा श्री अभिषेक कुमार सिरोही मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र जेठवारा के सरायआनादेव बस स्टैण्ड के पास से अभियोग उपरोक्त से संबंधित प्रकाश में आये 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण:-**

01. महेन्द्र सिंह चौहान पुत्र दूधनाथ चौहान नि0 ग्राम नागापुर पूरेमोतीलाल थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़।
02. विरेन्द्र सिंह चौहान पुत्र दूधनाथ चौहान नि0 ग्राम नागापुर पूरेमोतीलाल थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़।

**पूछताछ का विवरण:-** दिनांक 21.01.2023 की रात में हम लोग शराब के नशे में थे, मृतक की नई मोटर साइकिल चुराकर उसकी टायर अपनी मोटर साइकिल में बदलने के लिए मृतक की नई मोटर साइकिल की चाभी चुराई थी जिसपर हमलोगों का मृतक के साथ झगड़ा हो गया था तथा हम दोनो भाई मिलकर मृतक की गले में गमछा कसकर हत्या कर दिये थे तथा घटना के दिन से ही हम दोनो भाई लुक छिपकर रह रहे थे। अभियुक्त विरेन्द्र सिंह चौहान के जामा तलाशी से मोटर साइकिल की चाबी बरामद हुई जिसके सम्बन्ध में बताया कि यह मृतक की मोटर साइकिल की चाबी है।

**पुलिस टीम:-** प्रभारी निरीक्षक श्री अभिषेक कुमार सिरोही मय हमराह थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़।

## 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार (थाना महेशगंज)

थाना महेशगंज के उ0नि0 श्री सुनील कुमार गुप्ता व उ0नि0 श्री राहुल कुमार मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 02/23 धारा 498ए 494, 377, 323, 504, 506 भादवि में वांछित अभियुक्त प्रदीप कुमार यादव उर्फ सोनू पुत्र अमरनाथ यादव नि0ग्राम दुबानन का पुरवा रायअसकरनपुर थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र महेशगंज के पाइन्दापुर तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।

## हत्या के प्रयास के अभियोग में 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार (थाना आसपुर देवसरा)

थाना आसपुर देवसरा के उ0नि0 श्री अरुण कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 304/22 धारा 307 भादवि से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त विक्रम चौहान उर्फ बबलू पुत्र शिव प्रसाद चौहान नि0 बरचौली थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र आसपुर देवसरा के रामगंज बाजार के पास नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

## हत्या के प्रयास के अभियोग में 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार (थाना बाघराय)

थाना बाघराय के उ0नि0 श्री अशोक कुमार यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 20/23 धारा 504, 307 भादवि व 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्त मनोज कुमार यादव पुत्र रामअधार यादव नि0 ग्राम रामदास पट्टी (झझवारा) थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र बाघराय के शकरदहा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया।

## 02 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार (थाना मान्धाता)

जनपद के थाना मान्धाता के उ0नि0 श्री सुधीर कुमार पाण्डेय मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मु0अ0सं0 163/15 धारा 147, 148, 452, 427, 435, 323, 504, 506 भादवि, मु0अ0सं0 113/15 धारा 147, 148, 149, 323, 504, 506, 307, 427 भादवि व 7 सीएलए एक्ट से संबंधित कुल 02 वारण्टी अभियुक्त को थानाक्षेत्र मान्धाता के मझिगवां नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार वारण्टी का विवरण:-**

01. इरसाद पुत्र मो0 इदरीश नि0 रामपुर थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़।

02. इदरीश पुत्र मो0 जमालुद्दीन नि0 रामपुर थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़।

**पुलिस टीम:-** उ0नि0 श्री सुधीर कुमार पाण्डेय मय हमराह थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़।